# कार्यालय, मुख्य कारखाना निरीक्षक, झारखण्ड, राँची।

पत्रांक– 1401/f

प्रेषक :

श्री अरूण कुमार मिश्रा,
मुख्य कारखाना निरीतक्षक, झारखण्ड,
राँची।

सेवा में,

दखलकार,
मेसर्स एनभिल केबुल्स (प्रा0) लि0,
आई.ओ.सी. मोड़, लार्ज सेक्टर, आदित्यपुर,
इण्डस्ट्रीयल एरिया, पो0+थाना–गम्हरिया,
जिला–सरायकेला–खरसांवा।

राँची, दिनांकः 11.11.2014

विषय :– **कारखाना भवन के विस्तार से संबंधित मानचित्र का अनुमोदन।**

प्रसंग :– उप मुख्य कारखाना निरीक्षक, जमशेदपुर का पत्रांक–171 दिनांकः 22.10.2014

महाशय,

उपर्युक्त विषयक मानचित्र एवं अन्य विवरणी जो उप मुख्य कारखाना निरीक्षक, जमशेदपुर के माध्यम से इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। इस कारखानें में **Manufacture of Aerial Bundle Conductors/Cable** का उत्पादन से संबंधित कार्य किया जाता है। प्राप्त मानचित्र कि जाँच की गई एवं मानचित्र को निम्नलिखित शर्त्तो के साथ अनुमोदित किया जाता है :–

1. कारखाना भवन के नवनिर्मित शेड, संरचना का स्थायित्व प्रमाण–पत्र झारखण्ड कारखाना नियमावली, 1950 के विहित प्रपत्र सं0–34 में सक्षम व्यक्ति से प्राप्त कर इसकी प्रति प्रस्तुत की जाएगी।
2. कारखाना में अग्निशमन एवं अग्निरोध हेतु नियमानुसार आधुनिक उपकरणों एवं साधनों की व्यवस्था की जाएगी।
3. झारखण्ड राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाएगा।
4. पूर्व में अनुमोदित मानचित्र में लगाये गये शर्त्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
5. उत्पादन प्रक्रिया, मेटेरियल हैण्डलिंग आदि कार्य में निहित खतरों के अनुरूप श्रमिकों को विहित प्रकार के वैयक्तिक सुरक्षा उपकरणों की आपूर्ति की जाएगी एवं कार्य के दौरान कामगारों को इसका उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।
6. प्राईममूवर के गतिशील पुर्जे, प्राईममूवर से संबंधित फ्लाई व्हील एवं पारेषण यंत्र (ट्रांसमिशन मशीनरी) में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।
7. दक्ष एवं अनुभवी पर्यवेक्षकों/इंजिनियरों की निगरानी में ही निर्माण कार्य सम्पन्न किये जाऐंगे।
8. कारखाना अधिनियम, 1948 एवं झारखण्ड कारखाना नियमावली, 1950 के संगत प्रावधानों का यथा विहित रूप में सुसमय एवं सम्यक् अनुपालन किया जाएगा।

सशर्त्त अनुमोदित मानचित्र की एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है। शर्त्तो का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

अनुलग्नक :–यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

(अरूण कुमार मिश्रा) 11/11/14
मुख्य कारखाना निरीक्षक, झारखण्ड,
राँची।